सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 11 | अजमेर, सोमवार 25 नवम्बर 2024 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

# सत्तारुढ़ भाजपा ने सर्वाधिक पांच सीटें जीतकर दिखाया दम

जयपुर। राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव के परिणाम में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने बाजी मारते हुए पांच विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कर अपना राजनीतिक दबदबा कायम किया वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस केवल अपनी एक सीट बचाने में ही कामयाब रही। देश में भाजपा उसके सहयोगी दलों के पक्ष में बने माहौल एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व के कारण सत्तारुढ़ भाजपा को उपचुनाव में सात में से पांच सीटों पर जीताकर जनता ने उस पर विश्वास जताया हैं। उपचुनाव में भाजपा ने न केवल अपनी संलूबर सीट को बरकरार रखा जबकि वह झुंझुनूं रामगढ़ एवं देवली, उनियारा विधानसभा सीट कांग्रेस से छीनने में सफल रही। वहीं सांसद हनुमान बेनीवाल के शुरु से दबदबे वाली खींवसर सीट भी इस बार भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली। खींवसर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी का राजनीतिक दबदबा था। हालांकि भाजपा भारत आदिवासी पार्टी का चौरासी में राजनीतिक दबदबा कम नहीं कर पाई और वहां बाप ने अपनी सीट बरकरार रखी।

कांग्रेस दबदबे वाली झुंझनूं में भाजपा के प्रत्याशी

**राजस्थान विधानसभा उपचुनाव**



राजेन्द्र भांबू ने जीत हासिल की और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला को सर्वाधिक 42 हजार 848 मतों से हराया। भाजपा ने यह सीट कांग्रेस से छीनी हैं। भांबू को 90 हजार 425 जबकि ओला को 47 हजार 577 मत मिले। झुंझुनूं में पूर्व मंत्री एवं निर्दलीय प्रत्याशी राजेन्द्र गुढ़ा तीसरे स्थान पर रहे और उन्हें 38 हजार 751 मत मिले।

इसी तरह कांग्रेस दबदबे वाले रामगढ सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह ने जीत हासिल की हैं और उन्होंने अपने निकटतम एवं कांग्रेस प्रत्याशी आर्यन जुबैर को 13 हजार 636 मतों से हराया। भाजपा ने यह सीट कांग्रेस से छीनी। सुखवंत सिंह को एक लाख आठ हजार 811 मत मिले जबकि आर्यन जुबैर ने 95 हजार 175 मत हासिल किए।

खींवसर में भी भाजपा ने जीत दर्ज की और वहां भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं रालोपा प्रत्याशी कनिका बेनीवाल को 13 हजार 901 मतों से हराया। भाजपा ने यह सीट रालोपा से छीनी हैं। खींवसर में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. रतन चौधरी तीसरे स्थान पर रही और उन्हें केवल 5454 मत ही मिल पाए।

देवली-उनियारा में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के प्रत्याशी राजेन्द्र गुर्जर विजयी रहे और उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को 41 हजार 121 मतों से शिकस्त दी। भाजपा ने यह सीट कांग्रेस से छीनी हैं। गुर्जर को एक लाख 599 मत मिले जबकि नरेश मीणा को 59 हजार 478 मत मिले तथा कांग्रेस उम्मीदवार कस्तूर चंद मीणा ने 31 हजार 385 मत हासिल किए।

संलूबर से भाजपा की शांता अमृतलाल मीणा ने चुनाव जीता और उसने बाप प्रत्याशी जितेश कुमार कटारा को एक हजार 285 मतों से चुनाव हराया। उपचुनाव में शांता मीणा को 84 हजार 428 मत मिले जबकि कटारा को 83 हजार 143 मत मिले तथा कांग्रेस की रेशमा मीणा ने 26 हजार 760 मत प्राप्त किए।

दौसा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के दीनदयाल बैरवा उपचुनाव जीतने में कामयाब रहे और उन्होंने राज्य के कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा के भाई एवं भाजपा प्रत्याशी जगमोहन को 2300 मतों से शिकस्त दी। बैरवा को 75 हजार 536 मत मिले जबकि जगमोहन को 73 हजार 236 मत मिले। उपचुनाव में चौरासी सीट पर बाप प्रत्याशी अनिल कुमार कटारा विजयी रहे और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी कारी लाल ननोमा को 24 हजार 370 मतों से उपचुनाव हराया। अनिल कटारा को 89 हजार 161 मत मिले तथा ननोमा को 64 हजार 791 मत मिले जबकि कांग्रेस के महेश रोत केवल 15 हजार 915 मत ही हासिल कर पाए।

## राजस्थान उपचुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का चला जादू




जयपुर। राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का जादू चला जिससे भारतीय जनता पार्टी ने सर्वाधिक पांच सीटों पर अपनी जीत हासिल करने में सफलता पाई हैं और भजनलाल प्रदेश में राजनीति के नए जादूगर साबित हुए ।गत तेरह नवंबर को हुए इस उपचुनाव की मतगणना में शनिवार को जो परिणाम सामने आया वह शर्मा और भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित हुआ। वहीं शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के करीब दस महीने में इन सात स्थानों पर विधानसभा उपचुनाव की घोषणा होने के बाद पार्टी का टिकट नहीं मिलने पर जिस प्रकार उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ बागी उम्मीदवार भी सामने आ गए थे लेकिन मुख्यमंत्री ने अपने कुशल राजनीति का परिचय देते हुए न केवल उन्हें मनाया बल्कि पूरी एकजुटता के साथ उपचुनाव लड़कर वह राजनीति के नए जादूगर के रुप में उभरे हैं।भाजपा के पक्ष में आए इन परिणामों ने भजनलाल को राजनीति का नया जादूगर साबित कर दिया है। वह राजस्थान के एक संवेदनशील मुख्यमंत्री के रुप में भी सामने आये हैं जहां की जनता ने विपक्ष के सभी मुद्दों को दरकिनार करते हुए संवदेनशील मुख्यमंत्री को चुना हैं।शर्मा ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। इस कारण शर्मा राजस्थान ही नहीं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी छाये रहे। शर्मा पिछले राजस्थान विधानसभा चुनाव में पहली बार विधायक चुने जाने के बाद पहली बार में ही मुख्यमंत्री बनने के पश्चात कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय लेकर जनता से खूब वाहीवाही बटोरी और इसके बाद सामने आए उपचुनाव में भाजपा के कई उम्मीदवारों के खिलाफ उठे बगावती सुर थामने में कामयाब रहे।साथ ही अन्य कई दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल करके बदलते राजनीतिक परिवेश में जिस प्रकार का माहौल बनाए उससे वह अपने को अनुभवी एवं राजनीति के खिलाड़ी की तरह साबित करने में भी कामयाब रहे। उपचुनाव में अहम बात यह भी है कि इसके चुनाव प्रचार में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या उससे बड़े किसी पार्टी नेता ने बढ़चढ़कर हिस्सा नहीं लिया और पूरा जिम्मा मुख्यमंत्री के पास रहा और उन्होंने हर विधानसभा क्षेत्र में दो-दो बार चुनाव सभाएं की। शर्मा ने ईआरसीपी और यमुना जल समझौता सहित ऐसे कई ऐतिहासिक फैसले लेकर सबको चौकायां वहीं अपनी राज्य सरकार के पहले वर्ष में राजधानी जयपुर में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन कराए जाने का निर्णय लिया और इसके तहत अब तक करीब 25 लाख करोड़ रुपए के एमओयू भी हो चुके हैं। इस तरह शर्मा सबका ध्यान अपनी ओर खींचने में कामयाब रहे हैं।इस उपचुनाव के बाद तो सब जगह भजनलाल ही भजनलाल हो रहा है और उपचुनाव के परिणाम आते ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने तो भाजपा की जीत का सारा श्रेय भजनलाल को दिया हैं। इसी तरह पार्टी के अन्य नेता भी मुख्यमंत्री को ही श्रेय दे रहे हैं और उनकी कुशल राजनीति की प्रशंसा कर रहे हैं कि उनके नेतृत्व में भाजपा में एकजुट एवं मजबूत हुई हैं। इस जीत से राठौड़ का भी कद बढ़ा हैं। उपचुनाव में यह भी साबित हो गया कि एक साल की नई भाजपा सरकार के खिलाफ कोई लहर पैदा नहीं हुई और लोगों ने इसे स्वीकारा हैं। राजनीति के जादूगर कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस बार उपचुनाव में सक्रिय रुप से नजर नहीं आए और इस बार न ही उनका जादू देखने को मिला बल्कि उनियारा.देवली से टिकट की मांग करने वाले नरेश मीणा को भी नहीं मना पाए और उसका परिणाम उपचुनाव में देखने को भी मिला। इस तरह खींवसर में भाजपा कभी चुनाव नहीं जीत पाई थी वहां सांसद हनुमान बेनीवाल के राजनीतिक गढ़ को ढहा दिया और भाजपा की जीत का परचम लहरा दिया। इससे खींवसर में बेनीवाल की राजनीतक प्रतिष्ठा धूमिल हो गई। इसी तरह कांग्रेस दबदबे वाली रामगढ़ विधानसभा सीट भी भाजपा ने जीतकर सबकों चौका दिया और रामगढ़ में भी पूर्व विधायक जुबैर खान के परिवार की राजनीतिक प्रतिष्ठा समाप्त हो गई।पिछले लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में बनाए गए नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की भी इसके लिए पीठ थपथपाई जा रही है। इसके साथ भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ की भी खूब वाहीवाही होने लगी है कि उनके प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी नेता और कार्यकर्ता एकजुट नजर आए। इस उपचुनाव में भाजपा ने झुंझुनूं, खींवसर, रामगढ़, देवलीउनियारा एवं सलूंबर सीट पर जीत हासिल कर जहां सलूंबर में अपना दबदबा कायम रखा वहीं इनमें चार स्थानों पर अपना दबदबा कायम किया हैं।

## प्रियंका वाड्रा वायनाड लोकसभा सीट से 4 लाख से अधिक मतों से जीती



वायनाड केरल। कांग्रेस महासचिव एवं यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यूडीएफ की उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को केरल के वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में 408036 मतों के भारी अंतर से जीत हासिल की। वाड्रा की पहली बार संसद में प्रवेश है और उन्होंने अपने भाई एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के रिकॉर्ड अंतर को भी तोड़ दिया जिन्होंने अप्रैल 2024 में वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लिए हुए चुनाव में 364422 वोट हासिल किए थे। वैसे 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने वायनाड सीट 4.31 लाख मतों के अंतर से जीती थी। वाड्रा को 617942 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी और लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट एलडी के उम्मीदवार सत्यन मोकेरी को 209906 वोट मिले और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन उम्मीदवार नव्या हरिदास को 109202 वोट मिले। अप्रैल 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने एलडीएफ उम्मीदवार एनी राजा को 364422 वोटों के अंतर से हराया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को 647445 वोट मिलेए एलडीएफकी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय महिला नेता एनी राजा ;भाकपा महासचिव डी राजा की पत्नी को 283 028 वोट मिले और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन को 141045 वोट मिले।

## सुरेश सिंह रावत ने की योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट



अजमेर। राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने दो दिवसीय उत्तर प्रदेश यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर उन्होंने योगी को तीर्थराज पुष्कर की यात्रा के लिए आमंत्रित किया एवं राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मध्य जल संसाधनों की सहभागिता और कार्य योजना के संदर्भ में संवाद किया। योगी ने राजस्थान में भाजपा सरकार द्वारा जल उपलब्धता की दिशा में एक वर्ष में किए गए अभूतपूर्व निर्णयों की सराहना की और इसे ऐतिहासिक बताया।साथ ही उन्होंने योगी को पुष्कर में बनाए जा रहे ब्रह्म कॉरिडोर एवं विकास कार्यों की कार्ययोजना के संदर्भ में भी विस्तृत जानकारी दी। सुरेश सिंह रावत को योगी ने गणपति जी की प्रतिमा भेंट की। उत्तर प्रदेश के अतिथि के रूप में आतिथ्य सेवा प्रदान करने के लिए रावत ने योगी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सम्पादकीय

# विश्व में भारत की साख बढ़ाने की मोदी प्रतिबद्धता


दुनिया में भारत एवं भारतीय लोकतंत्र का गौरव एवं सम्मान दिनोंदिन बढ़ता जा रहा हैए पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक विश्व नेता बनकर उभरे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका रुतबा लगातार बढ़ा है। विदेशी धरती से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक सम्मानों की एक लम्बी शृंखला इस बात का प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री मोदी की छवि वैश्विक स्तर पर सर्वमान्य नेता के तौर पर स्थापित हुई है और उनकी सोचए नीतियों एवं कार्यक्रमों को विश्व स्तर पर मान्यता मिल रही है। यह भारत के लिये गर्व की बात है। इसी शृंखला में अपनी तीन देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका और गुयाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान और नाइजीरिया का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में ब्राजील में जी 20 समिट की बैठक के लिए पहुंचे थे और इसके बाद 3 कैरेबियन देशों की यात्रा पर है। कोरोना काल में मानवीय दृष्टि से मदद का हाथ बढ़ाने के लिए डोमिनिका ने प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑफआॅनर और गुयाना ने ऑर्डर ऑफएक्सीलेंस से नवाजा।

भारत के लिये सौभाग्य की बात है कि नरेन्द्र मोदी जैसा महानायक प्रधानमंत्री के रूप में मिला है। वैसे तो दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है लेकिन इसी सप्ताह उनकी डोमिनिका गुयाना और नाइजीरिया यात्रा के दौरान उन्हें जो सर्वोच्च सम्मान मिले हैं वह हर भारतीय को अभिभूत एवं गौरवान्वित कर देने वाले हैं। ये सम्मान उनके व्यापक सोच, मानवीय दृष्टिकोण, कुशल राजनीतिक नेतृत्व और दूरदृष्टि का प्रतिबिम्ब है जिसने वैश्विक मंच पर भारत के उदय एवं उसकी साख को मजबूत किया है। ये सम्मान दुनिया भर के देशों के साथ भारत के बढ़ते संबंधों को भी दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस कुशलता, परिपक्वता एवं दूरदर्शिता से देश का समग्र विकास करते हुए दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ.व्यवस्था बनाने की ओर अग्रसर किया इससे पूरा देश तो आत्मविश्वास से भर ही उठा बल्कि पूरी दुनिया में भारत को लेकर सकारात्मकता उम्मीदें और भरोसा बढ़ा है।

अब तक विदेशों में कुल 19 बार प्रधानमंत्री मोदी को सम्मानित किया जा चुका है जिनमें महाशक्ति कहे जाने वाले देश रूस और अमेरिका के अलावा मालदीव फ़िलीस्तीन इजिप्ट बहरीन और युएई जैसे मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। इसके साथ ही सबसे ज्यादा बार विदेशी संसद को संबोधित करने का रिकॉर्ड भी मोदी के नाम ही है। मोदी आश्चर्यों की वर्णमाला से गूंथित ऐसा व्यक्तित्व है जिसने अपने हर कीर्तिमान से भारत का मस्तक ऊंचा किया है। ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के पार्लियामेंट को भी प्रधानमंत्री मोदी संबोधित कर चुके हैं। मोदी ने 14 बार विदेशी संसद में वहां के सांसदों को संबोधित किया। अमेरिका में मोदी ने दो बार संसद को संबोधित किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ़िजी, मॉरिशस, युगांड, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मंगोलिया, अफ़ग़ानिस्तान और मालदीव की संसद को भी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित किया है। इससे पहले प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने 7 बारए इंदिरा गांधी ने 4 बारए जवाहरलाल नेहरू ने 3 बारए जबकि मोरारजी देसाई और पीवी नरसिम्हा राव ने 1.1 बार विदेशी संसदों में संबोधन दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे थे तो सारे शासकीय प्रोटोकाल को तोड़ कर उस देश के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने न केवल मोदी का स्वागत किया साथ ही एयरपोर्ट पर सबके सामने मोदी के पांव भी छूए।

# भाई की हार से निराश किरोड़ी लाल मीणा ने कुछ इस तरह बयां किया दर्द

जयपुर। राजस्थान के कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा ने दौसा विधानसभा



उपचुनाव में अपने भाई एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी जगमोहन मीणा की हार पर कहा है कि वह कुछ जयचंदों के कारण अपने भाई का ऋण नहीं चुका पाए।

डॉ. किरोड़ी मीणा ने अपने भाई की उपचुनाव में महज 2300 मतों से हार के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि 45 साल हो गए राजनीति के सफर के दौरान सभी वर्गों के लिए संघर्ष किया और जनहित में सैकड़ों आंदोलन किए। साहस से लड़ा। बदले में पुलिस के हाथों अनगिनत चोटें खाईं।आज भी बदरा घिरते हैं तो समूचा बदन कराह उठता है। मीसा से लेकर जनता की खातिर दर्जनों बार जेल की सलाखों के पीछे रहा। संघर्ष की इसी मजबूत नींव और सशक्त धरातल के बूते दौसा का उपचुनाव लड़ा। जनता के आगे संघर्ष की दास्तां रखी। घर घर जाकर वोटों की भीख भी मांगी। फिर भी कुछ लोगों का दिल नहीं पसीजा।उन्होंने कहा कि भितरघाती मेरे सीने में वाणों की वर्षा कर देते तो मैं दर्द को सीने में दबा सारी बातों को दफ़्न कर देता लेकिन उन्होंने मेघनाथ बनकर मेरे लक्ष्मण जैसे भाई पर शक्ति का बाण चला डाला। साढ़े चार दशक के संघर्ष से न तो हताश हूं और न ही निराश। पराजय ने मुझे सबक अवश्य सिखाया है लेकिन विचलित नहीं हूं। आगे भी संघर्ष के इसी पथ पर बढते रहने के लिए कृतसंकल्प हूं। गरीब, मजदूर, किसान और हरेक दुखिया की सेवा के व्रत को कभी नहीं छोड़ सकता परन्तु ह्रदय में एक पीड़ा अवश्य है। यह बहुत गहरी भी है और पल-प्रति-पल सताने वाली भी। जिस भाई ने परछाईं बनकर जीवन भर मेरा साथ दियाए मेरी हर पीड़ा का शमन कियाए उण होने का मौका आया तो कुछ जयचंदों के कारण मैं उसके ऋण को चुका नहीं पाया। डॉ. किरोड़ी ने कहा कि मुझमें बस एक ही कमी है कि मैं चाटुकारिता नहीं करता और इसी प्रवृत्ति के चलते मैंने राजनीतिक जीवन में बहुत नुकसान उठाया है। स्वाभिमानी हूं। जनता की खातिर जान की बाजी लगा सकता हूं। गैरों में कहां दम था मुझे तो सदा ही अपनों ने ही मारा है। उल्लेखनीय है कि उपचुनाव में जगमोहन कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा से 2300 मतों से चुनाव हार गए।

# फॉयसागर झील का नाम बदल कर वरुणसागर झील होगा – देवनानी



अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने घोषणा की है कि जल्द ही ऐतिहासिक फॉयसागर झील का नाम बदल कर वरुणसागर झील तथा किंग एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदल कर महर्षि दयानंद मेमोरियल किया जाएगा। देवनानी ने शनिवार को अपने अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र कोटड़ा में सड़कों के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि अजमेर के स्मारक और विरासतों का नामकरण हमारी अपनी संस्कृति और पहचान से जुड़ा है इसी सोच के साथ पर्यटन निगम की होटल खादिम का नाम बदल कर होटल अजयमेरू किया गया है। आगे भी ये बदलाव जारी रहेंगे ताकि हमारी विरासत हमारी पहचान बन सके। उन्होंने क्षेत्र में तेलंगाना हाऊस निरस्तीकरण को भी बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में अजमेर उत्तर क्षेत्र में विकास के अथक प्रयास हुए हैं और परिणाम भी नजर आ रहे हैं। सरकार ने बजट में अजमेर के लिए 1500 की घोषणा की थीए इतनी बड़ी घोषणा अब से पहले कभी नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि क्षेत्र के विकास में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी।देवनानी ने शनिवार को अजमेर के कोटड़ा में 4.76 लाख की लागत से महाराणा प्रताप नगर से पुष्कर रोड वाया दहारसेन तथा 1.91 लाख की लागत से नोसर घाटी से कोटड़ा वाया प्राईवेट बस स्टैंड सड़कों का शिलान्यास किया।

# भारतीय किसान संघ ने जीएम बीजों के विरोध में मदन राठौड़ को सौंपा ज्ञापन

जयपुर। भारतीय किसान संघ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को आनुवांशिक रूप से संवर्धित ;जीएम बीजों के विरोध में ज्ञापन दिया है। किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राठौड़ से मुलाकात की। किसान संघ के संभाग प्रचार प्रमुख डॉ लोकेश कुमार चन्देल ने बताया कि भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने देशव्यापी सांसद ज्ञापन अभियान के तहत जीएम बीजों को देश में अनुमति नहीं देने की मांग की है।इस अवसर पर प्रांत महामंत्री डॉ.सांवरमल सोलेट ने बताया कि जीएम बीज पर्यावरण और जीवों के लिये नुक़सानदायक हैं। जीएम कपास बीज का प्रयोग पहले ही विफ़ल हो चुका है। अब जीएम सरसों का बीज देश में लाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इसलिएकिसान संघ देश के सभी सांसदों को ज्ञापन देकर संसद में जीएम बीजों का विरोध करने का आग्रह कर रहा है। इस मौक़े पर प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष छोगालाल सैनी, प्रांत महामंत्री डॉ सांवर मल सोलेट प्रदेश कार्यलय प्रमुख करण सिंह प्रांत कोषाध्यक्ष शिवशंकर टांक और जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण यादव उपस्थित रहे।

# महिला के फेफड़े में फंसा नाक में पहनने वाले आभूषण का पेंच निकाला

कोच्चि। केरल में कोच्चि के मुंडमवेली की एक 44 वर्षीय महिला के फेफ़ड़ों में फंसा नाक में पहनने वाले आभूषण का पेंच चिकित्सकों ने निकाल दिया है।महिला बुखार और



खांसी से लगातार पीड़ित थीए जिसके बाद उसने कोच्चि के एक निजी अस्पताल में दिखाया। अस्पताल में जांच के बाद उसकी छाती के एक्स.रे के दौरान पता चला कि महिला के फेफ़ड़ों पेंच फंसा हुआ है।छाती के एक्स.रे से पता चला कि चार साल पहले टूटा हुआ पेंच उसके दाहिने निचले फेफ़ड़े के बेसल खंड में फंस गया था। जांच के बाद में महिला को विशेष देखभाल के लिये अमृता अस्पताल में रेफर किया गया।

अमृता हॉस्पिटल में रेस्पिरेटरी मेडिसिन की प्रमुख डॉ. अस्मिता मेहता के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम ने सर्जरी की आवश्यकता को टालते हुए फाइब्रोटिक ब्रोंकोस्कोपी का उपयोग करके पेंच को सफलतापूर्वक हटा दिया। दो दिन की निगरानी के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# NoBroker Hosts ‘Property Carnival’ in Chennai for Homebuyers



NoBroker, India’s first proptech unicorn, is bringing an exciting opportunity for homebuyers with the launch of its much-anticipated NoBroker Property Carnival. The event will be held on November 23 and 24, 2024, in Chennai’ Hyatt Regency, Annasalai, offering an exclusive platform for potential homeowners to explore a wide range of top-selling and newly launched properties from some of the citys most prominent developers.Over 15 Top Developers Showcase RERA-Approved Projects with Exclusive OffersWith over 15 leading developers participating, the event promises a one-stop shop for homebuyers looking to make informed decisions about their next home. Attendees can expect to see the latest projects from reputed names like Pacifica, VGN, Purvankara, Purva Land, Elephantine, LML, BSCPL, Shriram Properties, KG Builders, DRA, Casagrand, Urbanrise, Adroit, Sameera, VR Foundation, Radiance, and Marutham Group, among others.

End-to-End Home Buying Experience:-NoBroker is committed to providing homebuyers with a seamless and stress-free journey, offering cutting-edge technology solutions at every stage of the home-buying process, from property selection to booking. Attendees can take advantage of the NoBroker Property Carnival’s unique on-the-spot offers, including attractive discounts, customized payment plans, and home loan assistance, all under one roof.

Saurabh Garg, Co-founder and CEO of NoBroker, said, “The demand for homes in Chennai has never been higher, and homebuyers are more discerning and proactive than ever before. At NoBroker, we understand the importance of helping them find their dream homes. That’s why we’ve partnered with over 15 of Chennai’s top developers to bring a wide variety of options under one roof. Whether youre looking for a new launch or a ready-to-move-in property, the Property Carnival offers something for everyone, making this an event unmissable for homebuyers.

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# बाल आधार सीईएलसी ऑपरेटर के लिए आवेदन आमंत्रित

अजमेर। अजमेर ग्रामीण पंचायत समिति के अटल सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत हाथीखेड़ा, गगवाना, सराना, नारेली, पालरा, हटुंडी और सराधना में 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार नामांकन केन्द्र ;सीईएलसी स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।इन केन्द्रों पर आधार नामांकन का कार्य करने के लिए रजिस्ट्रार सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के अधीन नामांकन एजेंसी राजकॉम्प इन्फोसिस्टम लिमिटेड द्वारा एक ऑपरेटर को यूआईडीएआई नई दिल्ली से आधार ;पंजीकरण एवं अपडेट विनियम 2016 के अनुसार कार्य के लिए आईडी या क्रिडेंशियल जारी कराया जाना भी प्रस्तावित है।

उपखण्ड अधिकारी पदमा देवी ने बताया कि जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में कार्य करने का इच्छुक है वह अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राजआधार एप्प में 27 नवम्बर से 6 दिसम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। पात्रता एवं अन्य शर्तें जिले की वेबसाईट https://ajmer.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।



# महाराष्ट्र में महायुति प्रचंड बहुमत के साथ वापस, झारखंड में झामुमो की सत्ता बरकरार



नई दिल्ली। महाराष्ट्र और झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधनों ने विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत के साथ फिर से सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त कर लिया है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति ने अभूतपूर्व जीत दर्ज कर सत्ता बरकरार रखने जा रही हैए वहीं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया समूह शानदार प्रदर्शन करते हुए दो.तिहाई बहुमत हासिल कर लिया है।

महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा के साथ. साथ 15 राज्यों में 48 विधानसभा सीटों और दो लोकसभा सीटों पर भी चुनाव कराये गये थे। विधानसभा के उपचुनावों में सबसे चर्चित उत्तर प्रदेश के मुकाबलों में भाजपा और राष्ट्रीय लोक दल नौ में से सात सीटों पर जीत के साथ राजग का परचम ऊपर रखा जबकि पश्चिम बंगाल, कर्नाटक,मध्य प्रदेश, राजस्थान और असम में सत्तारूढ़ दलों ने अपनी मजबूत जमाए रखी है।

केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चार लाख से अधिक मतों से विजयी घोषित हुई हैं जबकि महाराष्ट्र की नांदेड लोक सभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ.संतुकराव मारोतराव हम्बारडे कांग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से आगे चल रहे थे। महाराष्ट्र में भाजपा शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सत्तारूढ़ गठबंधन इस साल लोक सभा चुनाव में महाराष्ट्र में मिले आघात से उबर कर अप्रत्याशित रूप से प्रचंड जीत हासिल की है। राज्य की 288 सीटों वाली विधानसभा के चुनाव की शनिवार को चल रही मतगणना के रुझानों के अनुसार भाजपा-शिवसेना-रांकापा के महायुति गठबंधन को 234 सीटों पर विजय हुआ है।

राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी महाविकास अघाड़ी ;एमवीए गठबंधन को 49 सीटों पर विजयी हासिल हुई है। भाजपा को 132 सीटों पर जीत मिली है जबकि शिव सेना 57, रांकापा को 41 सीटें मिली हैं। महायुति में शामिल जन सुराज्य शक्ति दो सीटों पर विजयी हुई है। गठबंधन के घटक राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी और राष्ट्रीय समाज राजर्षि शाहू विकास अघाडी एक-एक सीट पर जीत हासिल की है।

विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी ;एमवीए के घटक कांग्रेस पार्टी को 16 रांकपा ;शरद पवार को 10 और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 20 सीटों पर जीत मिली है।

समाजवादी पार्टी को दो सीटें, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टीए पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय समाज पक्ष को एक.एक सीट मिली है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन ;एआईएमआईएम को एक सीट मिली है जबकि दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार को विजय हुए हैं।भाजपा ने 149 सीटों पर चुनाव लड़ा था और इसकी जीत का औसत 88.59 प्रतिशत रहा है। शिवसेना और राकांपा ने भी क्रमशः 81 और 59 उम्मीदवार उतारे थे और दोनों ने करीब 70 प्रतिशत को स्ट्राइक रेट हासिल किया। शिव सेना ;यूबीटी कांग्रेस पाटी और राकांपा ;शरद पवार का स्ट्राइक रेट क्रमशः 21 15 और 11.6 प्रतिशत रहा।

## यूबीटी गठबंधन 50 सीटें भी नहीं

महाराष्ट्र में कांग्रेस राकांपा ;शरद पवार और शिव सेना ;यूबीटी गठबंधन ने लोकसभा की सफलता के बाद राज्य में सत्ता वापसी को सपना संजोया था वह बिखर गया और उनका गठबंधन 288 सीटों वाली राज्य विधानसभा में 50 सीटों से नीचे पर सिमट कर रह गया है।

राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राकांपा ने अपने-अपने प्रतिद्वंदी धड़ों को पछाड दिया है।राज्य में आए नतीजों से लगता है कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने कांग्रेस और सहयोगी पार्टियों के जनजातीय गणना और संविधान के लिए खतरे जैसे मुद्दों की बजाय सत्तारूढ महायुति के विकास के नारे और वर्तमान सरकार की लाडली बहिन, युवाओं को अप्रेंटिसशिप तथा प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं का समर्थन किया।

## लाडली बहनों, लाडले किसानों खूब चला

शिवसेना के नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति की सफलता को प्रचंड जीत बताते हुये कहा कि यह सफलता न भूतो न भविष्यति है। उन्होंने इसके लिए लाडली बहनों, लाडले किसानों और हर वर्ग के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिंदे ने इसे महायुति सरकार के ढाई साल के काम का सफल बताया। शिवसेना ;उद्धव बालासाहब ठाकरे के प्रवक्ता संजय राउत ने चुनाव परिणाम में कुछ गडबड़ जरूर है। विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत होगी।उपमुख्यमंत्री और भाजपा के नेता ने चुनाव में महायुति की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए कहा कि हम महाराष्ट्र के हर नागरिक के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

राकांपा नेता अजीत पवार ने कहा कि लाडकी बहीण योजना ने बाजी पलट दी है। मैंने अपनी याद में ऐसी जीत नहीं देखी। महाराष्ट्र में अक्टूबर 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और संयुक्त शिवसेना मिलकर चुनाव लड़े थे और उन्हें क्रमशः 105 और 56 सीटों पर जीत मिली थी जबकि रांकापा को 54 और कांग्रेस को 44 सीट प्राप्त हुई थी लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस रांकापा का दामन पकड़ लिया था।इसी साल अप्रैल.मई में हुए चुनाव में महाराष्ट्र में 48 लोक सभा सीटों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 17 सीटों पर और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को 30 सीटों पर जीत हासिल हुयी थी। एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी। राज्य में विधानसभा चुनाव के साथ नांदेड़ लोक सभा सीट का उपचुनाव भी कराया गया है। इस सीट पर भाजपा के उम्मीदवार डॉ संतुकराव मारोतराव हम्बारडे कांग्रेस पार्टी के रवीन्द्र बसन्तराव चव्हाण से 43800 मतों से आगे चल रहे थे।

महाराष्ट्र में भाजपा को करीब 26.72 प्रतिशत, शिवसेना 12.38, कांग्रेस को 12.24 प्रतिशत राकांपा ;शरद पवार को 11.30 प्रतिशत, राकांपा अजीत पवार को 9.08 प्रतिशत, शिवसेना ;यूबीटी 10.04 प्रतिशत मत मिले हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को 1.56 प्रतिशत मिला है।

## लोकतंत्र के चुनाव में पास हो गए -सोरेन

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा की चुनाव में झामुमो के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को कुल 56 सीटों पर जीत दर्ज हुई है। जबकि सत्ता हासिल करने की होड में लगे भाजपा के नेतृत्व में राजग केवल 24 सीटों पर संतोष करना पड़ा है। झामुमो के नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि हम लोकतंत्र के चुनाव में पास हो गए हैं।झामुमो ने 34 सीटों पर विजय हासिल की है। जबकि भाजपा ने 21 सीटें जीती हैं। कांग्रेस पार्टी ने तीसरे स्थान पर रहते हुए 16 सीट हासिल की है। राष्ट्रीय जनता दल ने चार सीटों पर जीत हासिल की है। भाकपा ;माले ने दो सीटों पर विजय हासिल की है। आजसू लोजपा झालोकमो और जनता दल यूनाइटेड ने एक.एक सीट पर जीत हासिल की है।उत्तर.पूर्वी झारखंड में भाजपा को और मध्य तथा दक्षिण इलाकों में कांग्रेस और झामुमो को बड़ी जीत मिली है। राज्य में भाजपा को 33.20 प्रतिशतए झामुमो को 23.46 प्रतिशतए कांग्रेस को 15.50 प्रतिशत मत हासिल हुए।

# राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन से लौटे विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का नागरिक अभिनंदन

**किशनगढ़ से अजमेर तक कई स्थानों पर हुआ जोरदार स्वागत**

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आस्ट्रेलिया में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन एवं इंडोनेशियाए जापान व सिंगापुर के स्टडी टूर से लौटने पर शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। देवनानी जिले के पहले व्यक्ति हैंए जिन्होंने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन को सम्बोधित किया। उनके लौटने पर बड़ी संख्या में समर्थक व आमजन जुटे। उनका नागरिक अभिनंदन किया गया तथा मार्ग में कई जगह भव्य स्वागत हुआ।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का शुक्रवार को अजमेर लौटने पर विजयलक्ष्मी पार्क में नागरिक अभिनंदन किया गया। दर्जनों समाजोंए संस्थाओंए हजारों समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में भारतए राजस्थानए अजमेर और खासकर अजमेर उत्तर के प्रतिनिधि के रूप में शामिल होनाए सम्बोधन करना मेरे लिए गर्व की बात है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। भारतीयों को आज पूरे विश्व में एक अलग सम्मान और स्नेह प्राप्त है। ऑस्ट्रेलियाए इंडोनेशियाए सिंगापुर और जापान की यात्रा में भारतवंशियोंए विदेशियों और खासकर राजस्थानियों का बड़ा स्नेह मिला। इन सभी देशों में भारतीय संस्कृति को बड़े सम्मान और आदर के रूप में देखा जाता है। जापान में रासलीलाए कत्थकए एवं कालबेलिया नृत्य बड़े प्रचलित हैं। इसी तरह सिंगापुर यूनिवर्सिटी में भी भारतीयता की झलक दिखाई दी। इंडोनेशिया व ऑस्ट्रेलिया में भी भारतीयता पूरी तरह सम्मानित नजर आई।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में




भारतीय लोकतंत्र सबसे मजबूत लोकतंत्र है। जिस तरह भारत में मानवताए समानता और आपसी प्रेम हैए वह इन देशों में भी देखनले को मिला। उन्होंने कहा कि भारतीय लोगों से इतना प्रेम करते हैं इन चारों देशों में सत्रह दिन की यात्रा में प्रतिदिन किसी न किसी भारतवासी के निवास पर बना भोजन ही किया। यह अतिथि देवो भवः की हमारी विपुल संस्कृति हैए जो विदेशों में भी कायम है। लोग घरों से टिफिन बना कर लाते थे। इन देशों में भारतीय अध्यात्मए योग एवं सनातन धर्म का भी विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मैं आजीवन देशए समाजए राजस्थान और अजमेर उत्तर के लोगों की सेवा करता रहूंगा।

देवनानी का अजमेर आगमन पर किशनगढ़ में सभापति दिनेश सिंहए गेगल टोल पर महेन्द्र सिंह रावतए यूनिवर्सिटी तिराहे पर रमेश सोनी एवं अमित भंसाली ने समर्थकों के साथ स्वागत किया। विजयलक्ष्मी पार्क में विभिन्न समाज संगठनोंए संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

# भजनलाल ने देवनानी को 67वें राष्ट्रमण्डलीय संसदीय संघ के सम्मेलन में भाग लेने की दी बधाई



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उन्हें ऑस्ट्रेलिया में आयोजित 67वें राष्ट्रमण्डलीय संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने सहित चार देशों की सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।शर्मा ने देवनानी के यहां सिविल लाइन स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें दुपट्टा ओढ़ाकर बधाई दी। देवनानी ने मुख्यमंत्री को भारत विभाजन का दंशष् पुस्तक भेंट की और उनका दुपट्टा ओढाकर अभिनन्दन किया। देवनानी ने मुख्यमंत्री को ऑस्ट्रेलिया में पांच से आठ नवम्बर तक आयोजित राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलनए राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेंस स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर और जापान की अध्ययन यात्रा के दौरान भारत के राजदूतों से मुलाकात विधायी निकायों के अवलोकन और संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर हुए विचार.विमर्श और अनुभवों को साझा किया। देवनानी ने मुख्यमंत्री को बताया कि राष्ट्रमंडल संसदीय संघ का यह वार्षिक सम्मेलन था। यह सम्मेलन प्रतिवर्ष अलग-अलग देशों में आयोजित किया जाता है। देवनानी ने मुख्यमंत्री से विधानसभाओं में कृत्रिम बुद्धिमता लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती और लिंग आधारित हिंसा के लिए कानूनों पर विभिन्न विधान मंडलों के विश्लेषण के साथ राजस्थान विधान मंडल के परिप्रेक्ष्य में उनके द्वारा सम्मेलन में दिए गए प्रस्तुतीकरण पर भी चर्चा की।उन्होंने बताया कि इस विदेश यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और विभिन्न समाज के प्रबुद्धजन को राइजिंग राजस्थान में भाग लेने और राजस्थान में निवेश की सम्भावनाएं तलाशने का उन्होंने अनुरोध भी किया है।देवनानी से विधायक गोपाल शर्मा भी मिले और सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। गोपाल शर्मा ने देवनानी से विधानसभा में मुलाकात की। शर्मा ने देवनानी को चार देशों की विदेश यात्रा की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)